## संक्षिप्त

### दो गौ तस्करों को लात घुसों से पीटा

**अलवर** । अलवर के गोविंदगढ़ थाना इलाके के दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेसवे पर गुरूवार सुबह 7 बजे फिल्मी अंदाज में गौ रक्षकों ने दो तस्करों की पिकअप गाड़ी को कई किलोमीटर तक पीछा कर उसे रोका। पीछा करते हुए गौ रक्षकों ने पहले चलती गाड़ी के नीचे कील के कांटे पटके, लेकिन तस्कर गाड़ी भगाते रहे। बाद में आगे गाड़ी रूकवा कर तस्करों नीचे उतारा और लात घुसों से जमकर पिटाई कर दी पिकअप से पांच गोवंश बरामद हुए हैं । गौ रक्षकों ने आरोपियों को गोविंदगढ़ थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशिक पुत्र फज़रुद्दीन (30) और नदीम पुत्र फज़रुद्दीन (40) निवासी 569 संजय नगर भट्टा बस्ती, शास्त्री नगर जयपुर के रूप में हुई है।

### 18.5 किलो पटाखें जब्त किए

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र गणेश चौराहा के पास में बगैर लाइसेंस संचालित एक पटाखा दुकान पर पुलिस ने रेड दी। दुकान से 18.5 किलो बिना लाइसेंसी पटाखें जब्त किए गए। दुकानदार के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम में केस दर्ज किया गया। प्रतापनगर सदर पुलिस को सूचना मिली कि गणेश चौराहा के पास में अवैध रूप से पटाखें की दुकान संचालित हो रही है। इस पर एएसआई ढलाराम मय जाब्ते के वहां पहुंचे। दुकानदार हुडको क्वार्टर निवासी संतोष पुत्र उदवदास को लाइसेंस के बारे में पूछा तब उसने अनभिज्ञता जाहिर कर दी। इस पर दुकान से 18 किलो 540 ठााम पटाखें जब्त किए गए। उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम में केस बनाया गया।

### यौन शोषण का आरोप

**जोधपुर,** (कासं)। जिले के एक गांव में महिला ने अपने काका ससुर पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दी है। महिला ने परिवाद दिया जिस पर पुलिस ने बगैर नंबर की एफआईआर को संबंधित थाने में भिजवाया है। बार बार
तंग और परेशान किए जाने पर पीड़िता ने एक संस्था से सहयोग लिया था ।

# सवाई माधोपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**सवाईमाधोपुर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉक्टर टी शुभमंगला के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सी एम एच ओ सवाई माधोपुर डॉक्टर अनिल कुमार जैमिनी के नेतृत्व में फूड सेफ्टी ऑफिसर वेद प्रकाश पूर्विया व नितेश गौतम की टीम दीपावली के त्योहार पर लगातार ताबड़तोड़ छापेमार कार्रवाही कर रही है । शुक्रवार को टीम विनायक वाला स्वीट्स, सिटी सेंटर, रेलवे स्टेशन के पास पहुंची, वहाँ पहुँच निरीक्षण करने पर साफ़ सफ़ाई का स्तर संतोषजनक नहीं पाया गया व एक कार्टन में 15 किलो ख़राब किसमिस मिली । जिन्हें मौके पर नष्ट करवाई तथा मानक स्तर से अधिक खाद्य कलर के संदेह पर इमरती और मावे का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिया ।



टीम विनायक वाला स्वीट्स, सिटी सेंटर, रेलवे स्टेशन के पास पहुंची, वहाँ पहुँच निरीक्षण करने पर साफ़ सफ़ाई का स्तर संतोषजनक नहीं पाया ।

- **मौके पर खराब मिठाई नष्ट करवाई तथा मानक स्तर से अधिक खाद्य कलर के संदेह पर इमरती और मावे का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिया ।**

इसके बाद टीम जनता जोधपुर स्वीट्स के गौदाम पर पहुंची वहाँ पहुँच कर निरीक्षण करने पर पाया कि सफ़ाई का स्तर संतोष जनक था पर खाद्य अनुज्ञा पत्र निर्माण इकाई पर डिस्प्ले नहीं था। यहां से कलाकन्द व रसगुल्ले के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिए । इसके बाद टीम बजरिया स्थित बृजवासी मिष्ठान भंडार पर पहुंची वहां साफ़ सफाई का स्तर बहुत ख़राब मिला, लाइसेंस मौके पर मौजूद नहीं था और ना ही डिस्प्ले किया हुआ था।

एक काउंटर फ्रिज में एक थेली में रखे मावे के अवमानक / मिलावट के संदेह पर नमूना लिया। लिए गए सभी नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भिजवाया गया। लैब रिपोर्ट प्राप्त होने पर तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार सख्त अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## पेट्रोलिंग टीम बनाई

**अलवर** । इस बार दीपावली पर अलवर के बाजारों में ग्रीन पटाखे खुले में बिकेंगे। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार दो दिन तक पटाखे फोड़ने और बेचने की सशर्त मंजूरी दी गई है। जिला प्रशासन ने अधिकृत पटाखा दुकानों के लिए अलग से जगह निर्धारित नहीं की है। प्रशासन का कहना है कि कोर्ट का आदेश देर से आने के कारण पटाखा विक्रेताओं को दुकानों के लिए जगह आवंटित करने का समय नहीं बचा। इसी वजह से अब बाजारों में ही खुले में ग्रीन पटाखों की बिक्री होगी। हालांकि शुक्रवार से ही बाजारों में सड़क किनारे तिरपाल लगाकर और रेडियों पर पटाखे बिकने शुरू हो गए हैं। एडीएम सिटी बीना महावर ने बताया कि बाजारों में केवल ग्रीन पटाखों की ही बिक्री सुनिश्चित करने के लिए पेट्रोलिंग टीमें बनाई जाएंगी। इन टीमों में एसएचओ और एसडीएम शामिल रहेंगे, ताकि व्यवस्था नियंत्रण में रहे और गाइडलाइन का पालन हो सके। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 18 से 20 अक्टूबर तक नेशनल एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट की वेबसाइट पर लिमिटेड ग्रीन पटाखों की बिक्री और 19 व 20 अक्टूबर को सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक पटाखे चला सकेंगे।

## सार-समाचार

### कपासन के एसडीएम सुवालका से 3 करोड़ की फिरौती मांगी

**भीलवाड़ा** । कपासन के एसडीएम राजेश सुवालका के भीलवाड़ा के रमा विहार स्थित आवास पर एक व्यक्ति ने धमकी भरा लेटर फेंककर 3 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि फिरौती नहीं देने पर गोली मारने की आशंका जताई गई है। इस गंभीर मामले को लेकर एसडीएम के पिता रामकिशन सुवालका ने सुभाष नगर थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज करवाई है। सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस अपराधियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। डिटेल में जांच के दौरान इलाके के सीसीटीवी फुटेज और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि अपराधी तक पहुंचा जा सके।

### हादसे में रेस्टोरेंट संचालक की मौत

**जोधपुर** । शहर के पाल रोड स्थित लूणी पंचायत समिति के सामने आज सुबह नौ बजे सडक़ हादसे में रेस्टोरेंट संचालक की दर्दनाक मौत हो गई। दोपहर तक इस बारे में पुलिस में मामला दर्ज नहीं कराया गया था। बताया जाता कि किसी एसयूवी की टक्कर से यह मौत हुई है। गाड़ी का चालक हादसे के बाद फरार हो गया। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से पता लगाने का प्रयास कर रही है। गाड़ी क्रेटा होने की संभावना जताई जाती है। परिजन के आठाह पर शव को बिना पोस्टमार्टम सौंप दिया गया। देवनगर थानाधिकारी सोमकरण ने बताया कि सुबह नौ बजे के आस पास पाल रोड लूणी पंचायत समिति के सामने दुर्घटना की सूचना पर पुलिस वहां पहुंची थी। मोपेड सवार व्यक्ति को बुरी तरह घायलावस्था में एमडीएम अस्पताल भेजा गया था, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। मृतक के पहचान एक रेस्टोरेंट संचालक 71 साल के श्याम के रूप में हुई है। परिजन की तरफ से केस फिलहाल दर्ज नहीं कराया गया है। वे गाड़ी पर अकेले बताए जाते है। गाड़ी का चालक मौके से भाग गया था, जिसकी पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे है। गाड़ी क्रेटा कार हो सकती है।

### कलर पेंट दुकान में आग लगी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड प्रथम पुलिया के पास में गुरूवार की रात को कलर पेंट दुकान- गोदाम में भीषण आग लग गई। आज सुबह साढ़े पांच बजे तक पूर्ण रूप से काबू पाया जा सका। आग को काबू करने में तकरीबन 9-10 घंटे का समय लगा। देर रात तक भी दुकान में केमिकल और कलर जरिकेन और डिब्बों में धमाके गूंजते रहे। दमकलों को आग पर काबू पाने में 40-50 फेरे करने पड़ गए। जानकारी के मुताबिक चौपासनी हाउसिंग प्रथम पुलिया के पास में गुरूवार की रात को नौ बजे रंग सागर कलर पेंट दुकान- गोदाम में भीषण आग लगी थी। दुकान का मालिक सुनील रात आठ बजे दुकान मंगल कर घर चला गया था। इसके घंटे भर बाद ही दुकान में आग की सूचना आ गई। तीन मंजिला इस दुकान- गोदाम में करोड़ों का कलर- केमिकल भरा हुआ था। आग की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि रह रह कर कलर और केमिकल के ड्रम, जरिकेन फटते रहे और धमाकों की आवाजें सुनाई देती रही। आस पास एरिया में रहने वाले लोगों में दहशत बनी रही। हालांकि इस भीषण आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है। डीसीपी वेस्ट विनीत कुमार बंसल, एसीपी प्रतापनगर रविंद्र बोथरा, प्रतापनगर थानाधिकारी भवानीसिंह, देवनगर थानाधिकारी सोमकरण आदि वहां देर रात तक डटे रहे।

### प्रतियोगिताओं में भीलवाड़ा जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भीलवाड़ा** । प्रारम्भिक शिक्षा विभाग, राजस्थान-बीकानेर द्वारा आयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 14 वर्ष आयु वर्ग (छात्र-छात्रा) में प्रारंभिक शिक्षा विभाग, भीलवाड़ा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 6 खेलों में प्रथम स्थान, 4 खेलों में द्वितीय स्थान और 2 खेलों में तृतीय स्थान प्राप्त किए। कुश्ती छात्र-छात्रा, जूडो छात्र, हैंडबॉल छात्रा, बास्केटबॉल छात्रा और वॉलीबॉल छात्र वर्ग में भीलवाडा ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किए गए। बैडमिंटन छात्रा, नेटबॉल छात्रा, जिमनास्टिक छात्र और वॉलीबॉल छात्रा वर्ग में भीलवाडा ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किए गए।

## ट्रैफिक व्यवस्था सही करने को लेकर चर्चा

**अलवर ।** अलवर नगर निगम के कमिश्नर डॉ. जितेंद्र नरूका व अलवर एसपी सुधीर चौधरी अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ अलवर के भीड़भाड़ वाले बाजारों में पहुंचे। यहां आमजन की सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था पर अधिकारियों से चर्चा की। खासकर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर चर्चा की। उससे पहले एसपी ने पुलिस के अधिकारियों से भी दिवाली के अवसर पर पूरी चौकसी रखने की प्लानिंग की। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया- दीपावली के दौरान शहर में भीड़भाड़, यातायात और सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। इस संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम में एक विशेष मीटिंग आयोजित की गई। इसमें सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाएं, संवेदनशील स्थानों पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्यवाही करें। निरीक्षण के दौरान एसपी ने होप सर्कस, घंटाघर, नगर निगम रोड चर्च रोड सहित मुख्य बाजार क्षेत्रों का दौरा किया।

## मोरपाल सुमन को टिकट मिलने पर खुशी

**अलवर** । भारतीय जनता पार्टी ने अंता विधानसभा सीट से बारा पंचायत समिति प्रधान मोरपाल सुमन को टिकट दिए जाने पर उमरेण प्रधान दौलतराम जाटव ने भाजपा का आभार जताते हुए सुमन को बधाई प्रेषित की है। अलवर उमरैण पंचायत समिति के प्रधान दौलतराम जाटव ने अपने बयान में कहा है कि भाजपा में काम करने वाले राजनेता और जनता से जुडे रहने वाले नेता को ही तवज्जू दी जाती है इसका जीता जागता उदाहरण अंता विधान सभा सीट उप चुनाव में भाजपा ने बारा पंचायत के प्रधान मोरपाल सुमन को टिकट देकर एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## लाखों की नगदी बरामद एक गिरफ्तार

**करौली** (निंस.) करौली में कोतवाली पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) टीम ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए लगभग 66 लाख 94 हजार रुपए की नकदी जब्त की है। यह कार्रवाई गदका की चौकी क्षेत्र में एक निजी गाडी से की गई। पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में नोटों से भरी इस गाड़ी को पकडा। जब्त की गई पूरी रकम को बाद में कोतवाली थाने लाया गया।थाने में नकदी की गिनती के लिए नोट गिनने की मशीन मंगाई गई। कोतवाली सीआई आध्यात्म गौतम और अन्य पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में रुपए गिने गए, जिसमें कुल 66 लाख 94 हजार रुपए से अधिक की राशि पाई गई। पुलिस के अनुसार, यह जब्त राशि जयपुर के एक ब्रोकर के पास से मिली है। ब्रोकर करौली के किराना और परचून व्यापारियों से यह कलेक्शन कर निजी वाहन से जयपुर ले जा रहा था। इस कार्रवाई का नेतृत्व डीएसपी अनुज शुभम, कोतवाली एसएचओ आध्यात्म गौतम और डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से किया। पुलिस ने नकदी को सीज कर लिया है। अब रकम के स्त्रोत, उसकी वैधता और उपयोग को लेकर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।



कोतवाली थाना अधिकारी आध्यात्म गौतम ने बरामद राशि को मशीन से गिना।

पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने बताया कि गाडी चालक अभिषेक सिंहल पुत्र महेश सिंहल 25 निवासी मकान नंबर 456 वैद्य जी का चौराहा मुरलीपुरा थाना जयपुर होना पूछताछ में बताया गया जिसको गिरफ्तार किया और उसके वाहन नंबर आर जे 59 सी ए 5407 को भी जप्त किया।

# झाड़ोल में बेचा जा रहा था नकली खाद, टीम ने मारा छापा

**उदयपुर** । जिले के झाड़ोल उपखण्ड में लूणावतों का खेड़ा लैम्पस व सुल्तानजी का खेरवाड़ा लैम्पस में बिना लाइसेंस के नकली डीएपी खाद बेचने का मामला सामने आया है

दोनों लैम्पस संचालकों ने लगभग 400 बैग डीएपी खाद के नाम से खाली कराए। जबकि उनके पास खाद विक्रय का वैध लाइसेंस ही नहीं है। जानकारी के अनुसार यह खाद वास्तव में बायो फर्टिलाइजर था। जिसे किसानों को डीएपी बताकर 1400 रुपए प्रति बैग बेचा जा रहा था।मामले की जानकारी मिलने पर किसानों ने कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर सुधीर वर्मा को शिकायत की। शिकायत बाद कृषि विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दोनों लैम्पस की जांच की।टीम की ओर से मौके से खाद के कई बैग को ट्रेक्टरों में भरकर ले जाया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह पूरा प्रकरण किसानों को गुमराह करने की साजिश है। इसमें कृषि विभाग के कुछ अधिकारी कर्मचारी की मिलीभगत की आशंका है। झाड़ोल उपप्रधान मोहब्बत सिंह राणावत ने बताया कि काश्तकारों का फोन आया कि दोनों लैम्पस पर बिना लाइसेंस के डीएपी नाम का खाद किसानों को 1400 रुपए में दिया जा रहा है। ऐसे में जानकारी नहीं होने से गरीब किसान खेतों में नकली खाद् डाल रहा है जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। नकली खाद् वाले गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने उदयपुर में नकली खाद फैक्ट्रियों पर औचक निरीक्षण किया था। जिसमें बड़ी मात्रा में नकली खाद् बरामद हुआ था। कृषि विभाग के अधिकारियों को भी इस संबंध में फटकार लगाई।

- **दोनों लैम्पस संचालकों ने लगभग 400 बैग डीएपी खाद के नाम से खाली कराए। जबकि उनके पास खाद विक्रय का वैध लाइसेंस ही नहीं है। जानकारी के अनुसार यह खाद वास्तव में बायो फर्टिलाइजर था। जिसे किसानों को डीएपी बताकर 1400 रुपए प्रति बैग बेचा जा रहा था।मामले की जानकारी मिलने पर किसानों ने कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर सुधीर वर्मा को शिकायत की।**

# धनतेरस आज, दीपोत्सव से पहले बाजारों में उमड़ी भीड़

**गंगापुर सिटी** । दीपावली को लेकर बाजारों में रौनक लौट आई है। दुकानों में खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। काफी संख्या में लोग पहुंच कर खरीददारी कर रहे है। दीपोत्सव के पहले आज शनिवार को धनतेरस पर बाजारों में बड़े उत्साह के साथ दुकानदारों ने तैयारी की है। दुकानदारों ने ग्राहकी के हिसाब से अपने अपने यहां सामान मंगा लिया है। वहीं ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों ने पूरी तेयारी करली है। माना जाता है कि इस दिन खरीदारी से घर में सुख-समृद्धि आती है। ऐसे में लोग बर्तन, आभूषण, वाहन, प्रॉपर्टी, कपड़ों आदि की खरीदारी करते हैं। खरीददारी के कारण मंगलवार को बाजार में दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। सुबह से ही लोगों ने बाजार पहुंचना शुरू कर दिया। त्यौहार के मद्देनजर लोग नए कपड़े, बर्तन, मोमबत्तियां, मालाएं, आभूषण, घर के सजावट का सामान, गिफ्ट व बच्चों के लिए खिलौने आदि की खरीददारी करते है। हालांकि ज्यादातर ग्राहक महंगी चीजों के बजाय कम कीमत वाली वस्तु पंसद कर रहे है। इधर शहर के नेहरू बाजार, देवी स्टोर चौराहा, सब्जी मंडी, नया बाजार, इन्द्रा मार्केट, खारी बाजार, पुरानी नगर पालिका सहित मुख्य मार्ग पर काफी चहल-पहल रही। मंहगाई के कारण दीपावली व धनतेरस पर आभूषणो की बिक्री घटी है, वहीं कपडों के साथ-साथ बर्तनों की बिक्री भी बढी है। रसोई के बर्तन से पूरा बाजार सजने लगा है। दूसरी ओर पूजन के लिए बाजार में फूलों की माला के अलावा विभिन्न प्रकार के फूलों की मांग बढ गई है। साथ ही आर्टिफीशियल फूलों की डिमांड हो रही है।

प्रशासनिक अधिकारी कर रहे है सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मोंटरिंग

- **पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से बाजार में जाम से आमजन परेशान**

दीपावली के त्यौहार को लेकर प्रशासन भी चौकस है। इस दौरान बाजारों में लगातार बढ रही भीड के मद्देनजर बारीकी से नजर रखने के लिए सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अपने मुख्यालय पर डटे रहने के निर्देश दिए गए है। एसडीएम बृजेन्द्र कुमार मीना ने इस बाबत आदेश जारी किए हैं। एसडीएम के अनुसार सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड सकेंगे। उन्हें हर स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए है। इधर डीएसपी ने बताया कि बाजारों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में भी गश्त कर रहे हैं। बाजारों में वाहनों के प्रवेश निषेध किया जा रहा है ताकि यातायात व्यवस्था बनी रहे। दीपावली त्योहार को लेकर नगर परिषद प्रशासन ने भी सतर्कता के साथ ही निगरानी शुरू कर दी है। त्यौहार को देखते हुए आयुक्त ने सभी विभागिय कार्मिको को विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारियां दी है। बाजारो में भीड ज्यादा होने के कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। आलम ये रहा कि शहर के बाजारो में पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। वहीं पुलिस की अनदेखी के चलते दूपहिया वाहनो की रेलमपेल से बार-बार जाम लगता रहा। ऐसे में दूसरे वाहनो व राहगीरो का निकलना मुश्किल हो गया। व्यापार मण्डल, अस्पताल चौराहे सहित मण्डी गेट पर सब्जी विक्रेताओ के द्वारा ठेले लगाने से बाजार को भी सिकुडा दिया जिससे भी लोगो का परेशानी का सामना करना पड रहा है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो ने आमजन से त्यौहारी भीड को देखते हुए बाजार में वाहन नहीं लाने की अपील की है। हायर सैकण्डरी स्कूल के खेल मैदान में लगे आतिशबाजी बाजार में दुकाने सजने लग गई है; धनतेरस से आतिशबाजी बाजार में दुकानदारी शुरू हो जायेगी। हायर सैकण्डरी स्कूल के खेल मैदान में लगी अस्थाई आतिशवाजी की दुकानो को दुकानदारो ने सजाया। बाजार में शहर सहित आसपास के लोगो ने जमकर खरीददारी की। जहां बच्चो में फुलझडी, रोशनी सहित फब्बारा आदि का क्रैज रहा।

## नागरिक सहभागिता के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय ई-वेस्ट दिवस

**उदयपुर** । राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल उदयपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ई-वेस्ट दिवस-2025 जन जागरुकता गतिविधियों एवं नागरिक सहभागिता के साथ मनाया गया। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर द्वारा 14 से 16 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय ई-वेस्ट दिवस-2025 के अवसर पर विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रचार प्रसार गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनका उद्देश्य बेस्ट के जिम्मेदार प्रबंधन को प्रोत्साहित करना, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सतत उपयोग को बढावा देना, तथा परित्यक्त इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं से महत्वपूर्ण खनिजों की पुनर्प ाप्ति के महत्व को रेखांकित करना रहा, जिससे नए संसाधनों के खनन पर निर्भरता कम की जा सके। अभियान की शुरुआत 14 अक्टूबर को हुई, जब उदयपुर औद्योगिक एवं संस्थागत इकाईयों के 2000 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मियों ने अपने अपने कार्यस्थलों पर समूहों में ई वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण एवं पुनर्चऋण हेतु अधिकृत रिसायकलर्स के माध्यम से कार्य करने की शपथ ली। जिला कलक्टर नमित मेहता ने पोस्टर का विमोचन कर आमजन से ई-वेस्ट को गंभीरता से निस्तारित करने की अपील की थी।

- **ई-वेस्ट दिवस-2025 के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया**


इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय ई-वेस्ट दिवस-2०25 की थीम प्रिसाईकिल योअर ई-वेस्ट - आईटी‘एस ऋिटिकलष् रही। इसी विषय पर केन्द्रित ई-वेस्ट जन जागरुकता कार्यशालाएं 15 अक्टूबर को पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एवं आर.आर. डेंटल कॉलेज, उमरडा में तथा 16 अक्टूबर को गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक एवं पैसिफिक डेंटल कॉलेज, देबारी में आयोजित की गई। इन कार्यशालाओं में 25० से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्हें ई वेस्ट पुनर्चक्रण की आवश्यकताहै।

# एनजीटी ने चंबल नदी प्रदूषित करने के मामले में लगाया 7.20 करोड़ का जुर्माना

**भीलवाड़ा।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की केंद्रीय क्षेत्रीय पीठ, भोपाल ने देश की एकमात्र घड़ियाल सेंचुरी चंबल नदी में प्रदूषण, अवैध खनन और अतिक्रमण, सीवरेज कनेक्टिविटी के मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए नगर निगम कोटा पर 3.60 करोड़ एवं प्रदूषित पानी को चम्बल नदी में छोड़ने के मामले में कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन पर 3.60 करोड का जुर्माना लगाया है। यह आदेश न्यायिक सदस्य शिव कुमार सिंह एवं विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू की अधिवक्ता दीक्षा चतुर्वेदी के मार्फत दायर जनहित याचिका में दिये।

ट्रिब्यूनल ने निर्णय में कहा कि चंबल नदी तट पर अवैध खनन और अतिक्रमण न केवल मानव जीवन के लिए खतरा हैं, बल्कि यह गंभीर रूप से विलुप्तप्राय घड़ियाल और गंगेटिक डॉल्फिन के अस्तित्व के लिए भी घातक हैं। एनजीटी ने राज्य पर्यावरण सचिव को सक्षम अधिकारियों की एक समिति बनाकर अवैध खनन और अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए। जाजू ने बताया कि पर्यावरण सचिव को वनस्पति आधारित उपाय, मिट्टी व नमी संरक्षण कार्य और अन्य यांत्रिक उपायों के जरिए नदी को पुनर्जीवित करने के समयबद्ध निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि नदी में निरंतर जल प्रवाह बनाए रखना आवश्यक है ताकि प्रदूषण की रोकथाम और जल गुणवत्ता में सुधार संभव हो सके। रेत खनन पूरी तरह से सस्टेनेबल सैंड माइनिंग मैनेजमेंट गाइडलाइंस 2016 और एनफोर्समेंट एंड मॉनिटरिंग गाइडलाइंस 2020 के अनुरूप करने और किसी भी उल्लंघन की स्थिति में दंडात्मक कार्रवाई करने की चेताते हुए आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की रिवर सेंट्रिक अर्बन प्लानिंग गाइडलाइंस की भी कड़ाई से पालन करने के एनजीटी ने निर्देश दिये । ट्रिब्यूनल ने पाया कि नगर निगम कोटा द्वारा सीवरेज निस्तारण व्यवस्था दयनीय है, कुल 1,41,568 घरों में से केवल 49,890 घरों को ही मुख्य सीवर लाइन से जोड़ा गया है, जो संतोषजनक नहीं है। एनजीटी ने नगर निगम कोटा को मार्च 2026 तक सभी घरों को सीवरेज लाइन से जोड़ने के निर्देश दिये। नगर निगम की ढीलीढाली कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए एनजीटी ने 1 अप्रैल 2020 से प्रति माह की दर से 5 लाख रूपये पर्यावरणीय हर्जाना नगर निगम कोटा पर लगाते हुए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को हर्जाना राशि वसूल करने के आदेश दिये। इसी तरह कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन को चंबल नदी में प्रदूषित जल के प्रवाह को तुरंत रोकने के निर्देश देकर कूलिंग टॉवर स्थापित करने और आवश्यक उपचार सुविधाएं मार्च 2026 तक पूर्ण करने के आदेश दिये। साथ ही कार्य पूर्ण नहीं होने तक नालों में प्रदूषित जल छोड़े जाने पर 5 लाख रूपये प्रतिमाह प्रति नाला पर्यावरणीय क्षित शुल्क लगाया गया है। पीठ ने अधिवक्ता दीक्षा चतुर्वेदी की विशेष प्रशंसा की।

- **शेखागढ़ चंबल नदी तट पर अवैध खनन और अतिक्रमण न केवल मानव जीवन के लिए खतरा हैं, बल्कि यह गंभीर रूप से विलुप्तप्राय घड़ियाल और गंगेटिक डॉल्फिन के अस्तित्व के लिए भी घातक हैं**



यह आदेश न्यायिक सदस्य शिव कुमार सिंह एवं विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू की अधिवक्ता दीक्षा चतुर्वेदी के मार्फत दायर जनहित याचिका में दिये।